**प्रश्न 6.** आपके जिले में स्थित धार्मिक पर्यटन स्थलों की सूची बनाकर उनसे संबंधित जानकारी एकत्र कीजिए।

**नोट**—उपर्युक्त सभी प्रश्नों के उत्तर छात्र अपने अध्यापक की सहायता से हल करें।

**प्रश्न 7. राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थलों के नाम लिखिए।**

**उत्तर—राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थल—**
1. ब्रह्माजी का मंदिर (पुष्कर) 2. ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह (अजमेर) 3. कपिल सरोवर (कोलायत बीकानेर) 4. गोविन्द देवजी मंदिर (जयपुर) 5. देलवाड़ा (सिरोही) 6. करणी माता (देशनोक, बीकानेर) आदि।

## अभ्यास प्रश्न

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर के विकल्प को कोष्ठक में लिखिए—**

1. **राजस्थान में मेट्रो रेल का विकास किस जिले में किया गया है?**
(अ) अजमेर (ब) जयपुर
(स) जैसलमेर (द) कोटा

2. **जयसमंद झील कौनसे जिले में स्थित है?**
(अ) उदयपुर (ब) चित्तौड़गढ़
(स) बाड़मेर (द) जालोर

**उत्तर—** 1. (ब) 2. (अ)।

**II. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न—**

**प्रश्न 1. राजस्थान में प्रथम रेल कब व कहाँ चली थी?**

**उत्तर—** राजस्थान में पहली रेल सन् 1874 में बाँदीकुई (दौसा) से आगरा फोर्ट (उत्तरप्रदेश) के बीच चलायी गयी थी।

**प्रश्न 2. सांगानेर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा किस जिले में स्थित है?**

**उत्तर—** जयपुर में।

**III. लघूत्तरात्मक प्रश्न—**

**प्रश्न 1. राजस्थान में प्रमुख भौगोलिक व प्राकृतिक पर्यटन स्थल कौन-कौन से हैं?**

**उत्तर— भौगोलिक व प्राकृतिक पर्यटन स्थल**—प्राकृतिक दृष्टि से राजस्थान में विभिन्न पर्यटन स्थल आकर्षण के केन्द्र हैं। उदयपुर में जयसमंद, फतेहसागर, पिछोला, उदयसागर आदि झीलें एवं शिल्पग्राम, सिरोही का प्रसिद्ध पर्वतीय स्थल माउण्ट आबू एवं नक्की झील, अजमेर की पुष्कर झील, राजसमंद में स्थित राजसमंद झील, चित्तौड़गढ़ में मेनाल जल प्रपात आदि हैं।

**प्रश्न 2. राजस्थान में सड़क परिवहन पर टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर—** राजस्थान में सर्वाधिक विकास सड़क परिवहन का हुआ है। राज्य में स्थित सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यीय राजमार्ग, जिला सड़क, ग्रामीण सड़क आदि में वर्गीकृत किया जाता है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण परियोजना द्वारा विभिन्न गाँवों को सड़कों से जोड़ दिया गया है। राजस्थान से कई राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं, राज्य सरकार ने कई राज्यीय राजमार्गों का भी विकास किया है जो सड़क परिवहन के आधार स्तम्भ हैं।

KK

# 7 विकास योजनाएँ

- **आओ अभ्यास करें**

**प्रश्न 1. स्वच्छता के लिए आप क्या प्रयास करेंगे, सूची बनाइये।**

**उत्तर**—स्वच्छता के लिए नालियों की गंदगी, नदियों के आस-पास जमा कूड़ा-कर्कट और सड़कों की सफाई करेंगे। संगीत, नाटक और स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के जरिए लोगों को स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनायेंगे।

## अभ्यास प्रश्न

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर के विकल्प को कोष्ठक में लिखिए—**

1. **सतत विकास लक्ष्य में कितने लक्ष्य सम्मिलित हैं?**
(अ) 15 (ब) 16 (स) 17 (द) 18

2. **आयुष्मान भारत का संबंध किस क्षेत्र से है?**
(अ) शिक्षा (ब) महिला (स) स्वास्थ्य (द) कृषि

**उत्तर—** 1. (स) 2. (स)।

**II. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

1. ............कार्यक्रम के अंतर्गत कन्या भ्रूण हत्या रोकना एवं बालिका शिक्षा प्रोत्साहन का उद्देश्य रखा गया है।
2. सरकारी एवं निजी अस्पतालों में कैशलैस इलाज हेतु ............योजना प्रारम्भ की गई है।

**उत्तर**—1. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, 2. आयुष्मान भारत।

**III. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न—**

**प्रश्न 1. राजस्थान जननी शिशु सुरक्षा योजना का उद्देश्य बताइये।**

**उत्तर—** मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना।

**प्रश्न 2. राजस्थान में चलने वाली आर्थिक क्षेत्र की दो योजनाओं के नाम लिखिए।**

**उत्तर—** 1. भामाशाह रोजगार सृजन योजना।
2. मुख्यमंत्री युवा संबल योजना।

**III. लघूत्तरात्मक प्रश्न—**

**प्रश्न 1. महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं का विवरण दीजिए।**

**उत्तर**— महिला सशक्तीकरण संबंधी योजनाएँ—
1. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ। 2. स्वावलम्बन योजना। 3. साझा अभियान। 4. गरिमा बालिका संरक्षण एवं सम्मान योजना। 5. मुख्यमंत्री राज श्री योजना। 6. आई एम शक्ति फंड योजना

**प्रश्न 2. सतत विकास गोल 2030 को समझाइये।**

**उत्तर**— संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य देशों द्वारा 2015 में सतत विकास एजेंडा अपनाया गया। इस कार्य योजना का मुख्य लक्ष्य गरीबी को सभी रूप एवं सभी जगहों से समाप्त करना था। इसमें 17 लक्ष्यों का चयन किया गया, जिनमें गरीबी का अंत, भुखमरी समाप्त करना, शुद्ध जल एवं स्वच्छता आदि जैसे लक्ष्य सम्मिलित हैं।

KK

# 8 जनजागरण एवं सामाजिक सुधार हेतु राजकीय प्रयास

- **आओ अभ्यास करें**

**प्रश्न 1. भूमि सुधार कानून कौन-कौन से बने? उनकी सूची बनाइये।**

**उत्तर**—1. राजस्थानी काश्तकारी अधिनियम 1955
2. राजस्थान उपज लगान अधिनियम 1951
3. राजस्थान भूमि सुधार व जागीर पुनर्ग्रहण अधिनियम 1952
4. राजस्थान जमींदारी एवं विश्वेदारी उन्मूलन अधिनियम 1959 आदि।

**प्रश्न 2. राजस्थान राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष का नाम लिखिए।**

**उत्तर**—श्रीमती सुमन शर्मा।

**प्रश्न 3. राजस्थान राज्य महिला आयोग के सदस्यों के नाम लिखिए।**

**उत्तर**—1. डा. रीता भार्गव, 2. श्रीमती सुषमा कुमावत 3. अरुणा मीणा आदि।

- **गतिविधि**

**प्रश्न 1. बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की सूची बनाइये।**

**उत्तर**—प्रमुख योजनाएँ—1. गार्गी पुरस्कार योजना (जूनियर) 2. नि: शुल्क साइकिल वितरण योजना 3. नि: शुल्क स्कूटी वितरण 4. खेलकूद योजना 5. मुख्यमंत्री हमारी बेटी योजना 6. मुख्यमंत्री राजश्री योजना 7. पालन हार योजना आदि।

- **आओ अभ्यास करें**

**प्रश्न 1. आपके विचार से कौन-कौन से बाल अधिकार होने चाहिए? सूची बनाइये।**

**उत्तर**—1. जीने का अधिकार, 2. सुरक्षा का अधिकार, 3. विकास का अधिकार, 4. सहभागिता का अधिकार।

## अभ्यास प्रश्न

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर के विकल्प को कोष्ठक में लिखिए—**

1. **सन् 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की महिला साक्षरता दर है—**
(अ) 65.46 प्रतिशत (ब) 52.12 प्रतिशत
(स) 55.12 प्रतिशत (द) 55.10 प्रतिशत।

2. **भूदान आन्दोलन के जनक हैं—**
(अ) महात्मा गाँधी (ब) हीरालाल शास्त्री
(स) विनोबा भावे (द) जवाहरलाल नेहरू

**उत्तर**— 1. (ब) 2. (स)।

**II. स्तंभ 'अ' को स्तंभ 'ब' से सुमेलित कीजिए—**

| स्तंभ 'अ' | स्तंभ 'ब' |
|---|---|
| 1. वीवीपीएटी | (i) संयुक्त राष्ट्र संघ |
| 2. ईवीएम | (ii) इनमें से कोई नहीं |
| 3. नोटा | (iii) वोटर वेरीफाइएबल पेपर ऑडिट ट्रायल। |
| 4. मजदूर किसान शक्ति संगठन | (iv) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन |
| 5. बाल अधिकार समझौता | (v) सूचना का अधिकार |

**उत्तर**—1.–(iii) 2. –(iv) 3. –(ii) 4. –(iv) 5. –(i)

**III. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न—**

**प्रश्न 1. स्वीप कार्यक्रम क्या है?**

**उत्तर**— मतदाताओं, नागरिकों और निर्वाचकों को निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में प्रशिक्षित करने एवं उनकी सहभागिता बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा बहुमुखी कार्यक्रम को सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कहते हैं।

**प्रश्न 2. बाल अधिकारों के बारे में बताइये।**

**उत्तर**— 20 नवम्बर 1989 को संयुक्त राष्ट्रीय की आम सभा द्वारा 'बाल अधिकार समझौते' को पारित किया गया था। यह समझौता सभी बच्चों के नागरिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक अधिकारों को मान्यता देता है।

**प्रश्न 3. राज्य महिला आयोग का गठन कब किया गया?**

**उत्तर**— 15 मई, 1999 को राजस्थान राज्य महिला आयोग का गठन किया गया।

### III. लघूत्तरात्मक प्रश्न—

**प्रश्न 1. भूदान आन्दोलन का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।**

**उत्तर—** विनोबा भावे ने 18 अप्रैल, 1951 में तेलंगाना के एक छोटे से गाँव तिरूचनापल्ली में एक जमीन का टुकड़ा दान में देकर 'भूदान आन्दोलन' की शुरुआत की। इस आन्दोलन का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्वामित्व की विषमता को दूर करना था। विनोबा भावे की अपील पर राजस्थान के नागौर जिले में भूदान प्रारम्भ किया गया।

**प्रश्न 2. सामाजिक सुधार में योगदान देने वाले समाज सुधारकों के नाम बताइये।**

**उत्तर— समाज सुधारकों के नाम—**1. दयानन्द सरस्वती, 2. गोविन्द गुरु, 3. मामा बालेश्वर, 4. हरिभाऊ उपाध्याय आदि।

**प्रश्न 3. साइबर सुरक्षा के उपाय बताइये।**

**उत्तर— साइबर सुरक्षा के उपाय—**

1. अपने पासवर्ड या ए.टी.एम. पिन को गोपनीय रखें। 2. कम्प्यूटर/लैपटॉप में नवीनतम एंटी वायरस सॉफ्टवेयर का उपयोग करें। 3. किसी भी व्यक्ति को फोन पर या ई-मेल द्वारा व्यक्तिगत जानकारी न दें। 4. साइबर अपराध की स्थिति में नागरिक नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

KK

# 9 ग्रामीण व शहरी प्रशासन

## • आओ अभ्यास करें

**प्रश्न 1. आपके ग्राम पंचायत के निर्वाचित पदाधिकारी के नाम बताइए?**

1. सरपंच....... 2. उपसरपंच ....... 3. वार्ड पंच.........।

**नोट—**छात्र स्वयं करें।

**प्रश्न 2. आपके जिले में कितनी पंचायत समितियाँ हैं?**

**उत्तर—**छात्र स्वयं करें।

**प्रश्न 3. आपके क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान बंद रहती है तो आप इसकी शिकायत किससे करेंगे?**

**उत्तर—**मार्केटिंग इन्स्पेक्टर से।

**प्रश्न 4. आपके क्षेत्र में विकास के कार्य किसके द्वारा किए जाते हैं?**

**उत्तर—**• वार्ड • महापौर • सभापति • नगरपालिका अध्यक्ष आदि द्वारा।

**प्रश्न 5. अपने माता-पिता अथवा बड़ों से पूछकर सूची बनाएँ कि आपका परिवार ग्रामीण/शहरी निकाय की संस्थाओं को कौन-कौन सा कर देता है?**

**नोट—**छात्र स्वयं करें।

## अभ्यास प्रश्न

### I. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर के विकल्प को कोष्ठक में लिखिए—

**1. नगरीय स्वशासन की इकाई है—**

(अ) नगरपालिका (ब) नगरपरिषद्
(स) नगर निगम (द) उपर्युक्त सभी

**2. हमारे देश में किस संविधान संशोधन विधेयक ने पंचायती राज व्यवस्था को अपनाया—**

(अ) 76वें संविधान संशोधन (ब) 71वें संविधान संशोधन
(स) 74वें संविधान संशोधन (द) 73वें संविधान संशोधन

**उत्तर—** 1. (द) 2. (द) ।

### II. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

1. नगर निगम के वार्ड का निर्वचित प्रतिनिधि ............ कहलाता है।
2. नगर परिषद् के अध्यक्ष को ........... कहते हैं।

**उत्तर—**1. पार्षद, 2. सभापति।

### III. स्तंभ 'अ' को स्तंभ 'ब' से सुमेलित कीजिए—

| स्तंभ 'अ' | स्तंभ 'ब' |
|---|---|
| 1. ग्राम पंचायत का मुखिया | (i) प्रधान |
| 2. जिला परिषद् का मुखिया | (ii) खण्ड विकास अधिकारी |
| 3. पंचायत समिति का सरकारी पदाधिकारी | (iii) सरपंच |
| 4. पंचायत समिति का मुखिया | (iv) जिला प्रमुख |

**उत्तर—**1.–(iii) 2.–(iv) 3.–(ii) 4.–(i)


### IV. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न—

**प्रश्न 1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी के कार्य बताइये।**

**उत्तर—** जिला प्रमुख को जिला परिषद के समस्त कार्यों में मदद करने के लिए, राज्य सरकार द्वारा एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

**प्रश्न 2. पंचायती राज के स्वरूप को चित्र द्वारा दर्शाइये।**

**उत्तर—** पंचायती राज का त्रिस्तरीय ढाँचे का स्वरूप




### V. लघूत्तरात्मक प्रश्न—

**प्रश्न 1. ग्राम पंचायत को आय कहाँ-कहाँ से प्राप्त होती है?**

**उत्तर— ग्राम पंचायत के आय के स्रोत—**• भवन कर • वाहन कर • क्रय-विक्रय पर कर • मेले व हाट बाजारों

से प्राप्त आय • सरकार से प्राप्त अनुदान • समुदायों से प्राप्त अनुदान • दोषियों से एकत्र दण्ड राशि आदि।

**प्रश्न 2. नगरीय प्रशासन के कार्य बताइये।**

**उत्तर— नगरीय प्रशासन के दो तरह के कार्य होते हैं—**

• **अनिवार्य कार्य**—शहर के लिए शुद्ध पानी की व्यवस्था, सड़कों पर रोशनी और सफाई की व्यवस्था करना आदि।

• **ऐच्छिक कार्य**—सार्वजनिक बाग, स्टेडियम, वाचनालय, पुस्तकालय आदि का निर्माण करना।

**प्रश्न 3. ग्राम-सभा पर टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर**— ग्राम सभा पंचायती राज की आधारभूत संस्था है। ग्राम सभा का क्षेत्र एक राजस्व ग्राम है। ग्राम सभा के सदस्य उस राजस्व गाँव में रहने वाले सभी मतदाता होते हैं। ग्राम सभा की बैठकों में भाग लेना उनका अधिकार और कर्त्तव्य दोनों हैं। सामान्यतः हर तीन महीने में ग्राम सभा की एक बैठक बुलाई जानी आवश्यक है।

KK

# 10 राजस्थान में कला एवं संस्कृति

## अभ्यास प्रश्न

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर के विकल्प को कोष्ठक में लिखिए—**

**1. निम्न में से कौनसा जोड़ा सुमेलित नहीं है?**

| मंदिर | स्थान |
|---|---|
| (अ) देलवाड़ा का जैन मंदिर | — आबू पर्वत (सिरोही) |
| (ब) रणकपुर के जैन मंदिर | — पाली |
| (स) श्री एकलिंग जी का मंदिर | — जयपुर |
| (द) खाटूश्याम जी का मंदिर | — सीकर |

**2. निम्न में से किस दुर्ग का सर्वाधिक उच्च भाग कटारगढ़ कहलाता है?**

(अ) आमेर दुर्ग (ब) कुंभलगढ़ दुर्ग

(स) रणथम्भौर (द) जालौर दुर्ग

उत्तर—1. (स), 2. (ब)।

**II. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. बूँदी में .......... खंभों की छतरी स्थापत्य कला का महत्वपूर्ण उदाहरण है।

2. बणी-ठणी चित्र शैली .......... की प्रसिद्ध शैली है।

उत्तर—1. चौरासी, 2. किशनगढ़।

**III. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न—**

**प्रश्न 1. मंदिरों का विकास किस काल से प्रारम्भ हुआ?**

**उत्तर**—मंदिरों का विकास गुप्तकाल से माना जाता है, जो गुर्जर-प्रतिहार, गुहिल, चन्देल, राठौड़, परमार, सोलंकी, चालुक्य तथा पाल शासकों के समय में भी होता रहा।

**प्रश्न 2. मूसी महारानी की छतरी कहाँ स्थित है?**

**उत्तर**—मूसी महारानी की छतरी अलवर में स्थित है।

**प्रश्न 3. विजय स्तम्भ का निर्माण किस शासक ने करवाया था?**

**उत्तर**—विजय स्तंभ का निर्माण राणा कुंभा ने करवाया था।

**IV. लघूत्तरात्मक प्रश्न—**

**प्रश्न 1. राजस्थान के प्रमुख दुर्गों के नाम बताइये एवं किन्हीं दो दुर्गों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर—राजस्थान के प्रमुख दुर्ग**—बूँदी दुर्ग, लोहागढ़ दुर्ग, रणथम्भौर दुर्ग, जालोर दुर्ग, चित्तौड़गढ़ दुर्ग, कुंभलगढ़ दुर्ग, आमेर दुर्ग, गागरोन का जल दुर्ग, मेहरानगढ़ दुर्ग, जूनागढ़ दुर्ग तथा सोनारगढ़ दुर्ग आदि।

**दो दुर्गों का वर्णन—(1) लोहागढ़ दुर्ग**—इस दुर्ग का निर्माण भरतपुर के जाट वंश के महाराजा सूरजमल ने करवाया था। इसके चारों ओर मिट्टी की दोहरी प्राचीर बनी है, इसीलिए इसे मिट्टी का दुर्ग भी कहते हैं। इस पर कई आक्रमण हुए, लेकिन इसे कोई भी जीत नहीं पाया, अतः इसे अजेय दुर्ग भी कहा जाता है।

**(2) रणथम्भौर दुर्ग**—ऊँची पहाड़ी के शिखर पर रणथम्भौर का दुर्गम व दुर्भेद्य दुर्ग स्थित है। बताया जाता है कि इस दुर्ग का निर्माण चौहान वंशीय शासकों ने करवाया। इस दुर्ग में नौलखा दरवाजा, हम्मीर महल, 32 खम्भों की छतरी आदि प्रमुख ऐतिहासिक स्थान हैं। यहाँ त्रिनेत्र गणेश का प्रसिद्ध मन्दिर है। वर्तमान में यह दुर्ग तथा आस-पास का वन क्षेत्र 'रणथम्भौर बाघ परियोजना' में आ जाने से इसके जीर्णोद्धार, संरक्षण एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**प्रश्न 2. राजस्थान में संगीत कला पर टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर—संगीत कला**—राजस्थान में प्राचीन काल से ही संगीत का प्रचलन रहा है। युद्ध के समय उत्साहवर्द्धक संगीत की ध्वनियाँ एवं वाद्ययंत्रों की गर्जना से जोश युक्त वातावरण हो जाता था। यहाँ विविध रागों से युक्त संगीत के साथ-साथ श्रृंगार से युक्त मांड राग भी उल्लेखनीय रहा है। यहाँ के शासकों ने संगीतज्ञों एवं गायिकी का सदैव सम्मान किया है। भक्तों ने भी संगीत की विभिन्न राग-रागिनियों को प्रचलित एवं प्रसारित किया, जिसमें मीराँ बाई, दादू, चरणदास, दया बाई, सहजोबाई के नाम विशिष्ट रहे हैं। संगीत के विविध घराने भी राजस्थान में विकसित हुए हैं। जनसामान्य के बीच लोक-संगीत में संस्कार, उत्सव-पर्व, देवी-देवताओं के जागरण एवं वैवाहिक गीत भी गाये जाते हैं।

KK